भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3133 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024/22 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है

कर्नाटक में जलमार्ग

† 3133. श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का कर्नाटक के पश्चिमी तट पर जलमार्ग बनाने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) इसके कार्यान्वयन की स्थिति क्या है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): कर्नाटक में बारह (12) घोषित राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज) हैं। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) , जो पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन है ने काबीनी नदी (रा.ज.-51) तथा शरावती नदी (रा.ज.-90) के विकास के लिए पर्यटन विभाग, कनार्टक सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन किया है। फ्लोटिंग जेट्टियों और नौचालन संबंधी साधनों के विकास कार्य हेतु पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन एवं पर्यावरणीय प्रबंधन योजना के निष्पादन के लिए निविदा जारी की गई है।

*****